कल्पना एवं तनवीर को गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मानित किया गया

संस्थान के विशेष विद्यालय के विद्यार्थी कल्पना और तनवीर को 26 जनवरी 2022 गणतंत्र दिवस समारोह में परेड ग्राउंड, सेक्टर 17, चंडीगढ़ में स्पेशल ओलंपिक, एशिया पेसिफिक यूनिफाइड चैंपियनशिप 2019 में विशिष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

कल्पना

पैरा-ओलिम्पिक खिलाड़ी

कल्पना राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान ग्रिड सैक्टर-31 की छात्रा है। नवम्बर-2019 में स्पैशल ओलिम्पिक्स एशिया पेसिफिक यूनिफाइड बैडमिंटन चैंपियनशिप में डबल्स में रजत पदक हासिल किया। वह आम खिलाड़ियों की तरह सुबह उठकर 5 बजे प्रैक्टिस पर जाती थी और शाम को 7 बजे तक आती थी।

तनवीर

बैडमिंटन खिलाड़ी

राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान ग्रिड के छात्र हैं। नवम्बर, 2019 में स्पैशल ओलिम्पिक एशिया पेसिफिक यूनिफाइड चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक लेकर देश का परचम लहराया। इसके साथ अच्छे स्विमर भी हैं। बटरफ्लाई स्ट्रोक, जो बहुत कठिन होता है, आसानी से कर लेते हैं। वर्ल्ड गेम्स के लिए तैयारी कर रहे हैं।

तनवीर को एडवाइजर टू द एडमिनिस्ट्रेटर, चंडीगढ़ प्रशासन के द्वारा सम्मानित किया गया।

कल्पना को एडवाइजर टू द एडमिनिस्ट्रेटर, चंडीगढ़ प्रशासन के द्वारा सम्मानित किया गया।